| | | |
|---|---|---|
| इग्नू जन-जन का विश्वविद्यालय | **इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय**<br>**मैदान गढ़ी, नई दिल्ली–110068** | ignou THE PEOPLE'S UNIVERSITY |

## (विज्ञापन सं. 67/2023/प्रशासन)

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू), सीधी भर्ती के आधार पर सहायक कुलसचिव(राजभाषा) के गैर–शैक्षणिक पद हेतु योग्य अभ्यर्थियों से इग्नू की वेबसाइट www.ignou.ac.in पर ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है। इसकी विस्तृत जानकारी इस प्रकार हैः

| पद का नाम | अधिकतम आयु | श्रेणी | कुल |
|---|---|---|---|
| सहायक कुलसचिव(राजभाषा) | 42 वर्ष | अनारक्षित –01 | 01 पद |

## विज्ञापित पद हेतु शैक्षिक योग्यता एवं वेतनमान

| पद, वेतनमान सहित | अनिवार्य योग्यताएं |
|---|---|
| **सहायक कुलसचिव (राजभाषा)**<br>**7वें सीपीसी में लेवल–10** | 1. हिंदी या अंग्रेजी में 55% अंकों के साथ स्नातकोत्तर उपाधि और स्नातक स्तर पर मुख्य विषय के रूप में इनमें से दूसरी भाषा<br>अथवा<br>किसी भी विषय में 55% अंकों के साथ स्नातकोत्तर की उपाधि और स्नातक स्तर पर मुख्य विषय के रूप में हिंदी और अंग्रेजी<br>अथवा<br>हिंदी अथवा अंग्रेजी माध्यम से किसी भी विषय में 55% अंकों के साथ स्नातकोत्तर उपाधि और स्नातक स्तर पर मुख्य विषय के रूप में अन्य भाषा<br>2. अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों के मामले में अंकों में 5% तक की छूट<br>3. सरकारी/पीएसयू/स्वायत्त निकायों में अनुभाग अधिकारी (राजभाषा) के रूप में 3 वर्ष का अनुभव<br>**वांछनीयः**<br>i. अनुवाद में प्रमाणपत्र अथवा डिप्लोमा<br>ii. किसी क्षेत्रीय भाषा का ज्ञान |

## महत्वपूर्ण तिथियाँ

| | |
|---|---|
| आवेदन का ऑनलाइन पंजीकरण | दिनांक 18 दिसंबर, 2023 से दिनांक 16 जनवरी, 2024 रात्रि 23:59:59 बजे तक |

## राष्ट्रीयता / नागरिकता

**1. अभ्यर्थी :**

क) भारत का नागरिक हो, अथवा

ख) नेपाल का प्रजाजन(नागरिक) हो अथवा

ग) भूटान का प्रजाजन (नागरिक) हो अथवा

घ) भारत में स्थाई रूप से बसने के आशय से 01 जनवरी, 1962 से पहले भारत में आए तिब्बती शरणार्थी, अथवा

च) भारतीय मूल का व्यक्ति जो भारत में स्थाई रूप से बसने के आशय से पाकिस्तान, बर्मा, श्रीलंका, पूर्वी अफ्रीकी देश केन्या, युगांडा, संयुक्त गणराज्य तंजानिया (पूर्व में तांगानिका और जांजीबार), जाम्बिया, मलावी, जैरे, इथियोपिया और वियतनाम से आया हो।

**2.** बशर्ते, श्रेणी (ख), (ग), (घ), और (च) से संबंधित अभ्यर्थी, वे व्यक्ति होंगे जिन्हें भारत सरकार द्वारा योग्यता प्रमाणपत्र जारी किया गया हो।

**3.** जिस अभ्यर्थी के मामले में योग्यता प्रमाणपत्र अनिवार्य हो, उसे परीक्षा देने की अनुमति तो होगी किन्तु नियुक्ति प्रस्ताव, भारत सरकार द्वारा इस संबंध में उसे जारी योग्यता प्रमाणपत्र की प्रस्तुति के उपरांत ही दिया जाएगा।

## आयु में छूट

**1.** आयु की दृष्टि से अभ्यर्थी की योग्यता के निर्धारण की तिथि, (आवेदन करने की अंतिम तिथि) अर्थात 16 जनवरी, 2023 होगी।

**2.** अ.जा./अ.ज.जा./ओबीसी(एनसीएल) अभ्यर्थी, **जो उक्त रिक्ति के लिए आवेदन के इच्छुक हों, वे आयु में छूट अथवा कट ऑफ अंकों में छूट के पात्र नहीं होंगे,** जो कि अन्यथा इन श्रेणियों से संबंधित अभ्यर्थियों को दी जाती है।

**3.** विविध आवेदकों के आयु में छूट की अनुमति इस प्रकार है :

| **क्र.सं.** | **श्रेणी** | अधिकतम आयु सीमा (42 वर्ष से परे) आयु में छूट की अनुमति |
|---|---|---|
| 1. | पीडब्ल्यूबीडी | 10 वर्ष |
| 2. | पूर्व सेवानिवृत्त सैनिक एवं कमीशंड अधिकारी, ईसीओ/एसएससीओ सहित | सैन्य सेवा की अवधि एवं 5 वर्ष |

## जाति/श्रेणी प्रमाणपत्र

1. अभ्यर्थियों को यह सुनिश्चित करना होगा कि वे आवेदन पत्र में भरी गई श्रेणी से संबंधित हैं और दस्तावेज़ों के सत्यापन के समय ऐसे प्रमाण पत्र मांगे जाने पर सक्षम प्राधिकारी से अपेक्षित प्रमाण पत्र प्रस्तुत करके अपनी श्रेणी का प्रमाणन सिद्ध करने के योग्य हों। ऐसा सिद्ध न करने की स्थिति में उनकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी।
2. ईडब्ल्यूएस अभ्यर्थी को यह सुनिश्चित करना होगा कि आवेदन की अंतिम तिथि तक वे निर्धारित वैध ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्र प्राप्त हों।
3. केंद्र अथवा राज्य सरकार/पीएसयू में रोजगार प्राप्त व्यक्तियों को दस्तावेजों के सत्यापन के समय या इन्हें अपलोड करने के लिए कहे जाने पर नियोक्ता से ''अनापत्ति'' प्रमाण पत्र जमा करना होगा। नियत तिथि तक एनओसी जमा करने अथवा अपलोड करने में विफल होने पर उनकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी।
4. पद के संबंध में किसी भी रूप में प्रचार करना पद हेतु अयोग्यता मानी जाएगी।

## अभ्यर्थियों के लिए आवश्यक जानकारी एवं अनुदेश

1. इग्नू की वेबसाइट www.ignou.ac.in पर ऑनलाइन भर्ती आवेदन पत्र भरने से पहले, आवेदकों को विज्ञापन को भलीभाँति पढ़कर सुनिश्चित करना होगा कि वे अपेक्षित न्यूनतम आवश्यक योग्यता और निर्धारित अधिकतम आयु सीमा से कम आयु के हैं और पद हेतु निर्धारित अनुभव प्राप्त हैं। पद के लिए अयोग्य अभ्यर्थियों से प्राप्त आवेदन पत्रों को ऑनलाइन के अलावा किसी अन्य माध्यम से स्वीरकार नहीं किया जाएगा और ऐसी स्थिति में उनका आवेदन रद्द कर दिया जाएगा।
2. इस विज्ञापन से संबंधित किसी भी प्रकार का शुद्धिपत्र/परिशिष्ट/संशोधन/नोटिस/अद्यतन इत्यादि, केवल विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.ignou.ac.in पर ही अपलोड किया जाएगा। विश्वविद्यालय द्वारा इस संबंध में आगे डाक अथवा समाचार पत्र के माध्यम से कोई भी सूचना/कॉल लेटर नहीं भेजा जाएगा। अभ्यर्थियों द्वारा उल्लिखित अमान्य/गलत ई–मेल आईडी तथा मोबाइल नंबर के लिए इग्नू जिम्मेदार, नहीं होगा। इसलिए यह अभ्यर्थी की जिम्मेदारी होगी कि वह सही संपर्क विवरण का उल्लेख करें तथा इग्नू की नवीनतम जानकारी की प्राप्ति हेतु अपनी ई–मेल, एसएमएस और इग्नू की वेबसाइट चेक करता रहे।
3. सभी अभ्यर्थियों की पात्रता (अर्थात् आयु, योग्यता और अनुभव इत्यादि) निर्धारित करने की तिथि, ऑनलाइन भर्ती आवेदन जमा करने के लिए निर्धारित अंतिम तिथि ही होगी, जब तक कि अन्यथा निर्दिष्ट न हो।
4. पद के संबंध में उल्लिखित सभी शैक्षिक योग्यताएं, भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त/सरकारी नियामक निकायों द्वारा अनुमोदित विश्वविद्यालय/संस्थान से प्राप्त की गई होनी चाहिए और इन शैक्षिक योग्यताओं के अंतिम परिणाम, ऑनलाइन आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि को अथवा इससे पहले घोषित किये गए होने चाहिए।

5. पद के संबंध में निर्धारित अनिवार्य योग्यताएं, मानदंडों की दृष्टि से न्यूनतम हैं और पात्रता शर्तें पूरी करने मात्र से अभ्यर्थी को कौशल परीक्षा/लिखित परीक्षा/साक्षात्कार (जो भी लागू हो) में सम्मिलित होने का हक नहीं होगा।
6. आवेदन पत्र की मुद्रित हार्ड कॉपी के साथ संबद्ध प्रमाण पत्रों आदि की स्वप्रमाणित प्रतियां, लिफाफे के ऊपर विधिवत रूप से **''सहायक कुलसचिव (राजभाषा) के पद के लिए आवेदन'' लिखे लिफाफे में रखें और जो दिनांक 26 दिसंबर, 2023 को सांय 5.00 बजे तक अथवा इससे पहले उपकुलसचिव (भर्ती), कमरा नंबर 13, ब्लॉक 7, इग्नू, मैदान, गढ़ी, नई दिल्ली के कार्यालय में पहुंच जाना चाहिए।**
7. अभ्यर्थियों को दस्तावेज़ सत्यापन और/अथवा साक्षात्कार के समय अपनी आयु, योग्यता, अनुभव और जाति इत्यादि से संबंधित सभी मूल प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने होंगे। यदि अभ्यर्थी अपने आवेदन के साथ संलग्नकों की प्रमाणित अथवा छाया प्रतियों के सत्यापन के लिए मूल दस्तावेज जमा करने में विफल रहता है, तो उसे लिखित परीक्षा अथवा साक्षात्कार में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी और इस संबंध में बिना किसी नोटिस अथवा संप्रेषण के उसकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी।
8. अनुभव का दावा करने वाले अभ्यर्थियों को दावा किए गए पूरे अनुभव के लिए संगठन/विभाग के प्रमुख/अधिकृत व्यक्ति से निर्धारित प्रोफार्मा में इसका प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा, जिसमें स्पष्ट रूप से रोजगार की अवधि (दिनांक, माह और वर्ष) का और साथ ही 7वें सीपीसी के अनुसार मूल वेतन, वेतनमान, वेतन स्तर मैट्रिक्स एवं सकल वेतन आदि का स्पष्ट रूप से उल्लेख हो। साथ ही, संबद्ध प्रमाण पत्र में पद पर प्राप्त अनुभव/निर्वहन किए गए कर्तव्यों की प्रकृति एवं पद की कुल अवधि का भी उल्लेख होना चाहिए।
9. सीबीटी/लिखित परीक्षा/कौशल परीक्षा/साक्षात्कार के लिए अभ्यर्थियों को शॉर्टलिस्ट करने के लिए उनके वैध अनुभव की गणना करते समय अंशकालिक आधार, दैनिक वेतन, अतिथि/अतिथि संकाय के रूप में अभ्यर्थी के अनुभव की अवधि को वैध अनुभव के रूप में सम्मिलित नहीं किया जाएगा।
10. अभ्यर्थी ध्यान दें कि आयु, शिक्षा, अनुभव, जाति इत्यादि से संबंधित दस्तावेजों की प्रामाणिकता का संबद्ध प्राधिकारी से सत्यापन किए जाने तक अभ्यर्थी का आवेदन अनंतिम ही बना रहेगा।
11. अभ्यर्थियों को असुविधा से बचने के लिए ऑनलाइन पंजीकरण कर आवेदन जमा करने की सलाह दी जाती है ताकि इंटरनेट पर भारी लोड/वेबसाइट जाम हो जाने के कारण विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर लॉग इन करने में असमर्थता अथवा विफलता की संभावना से बचा जा सके एवं उक्त पदों के लिए अंतिम तिथि से पहले समय पर आपका आवेदन जमा हो सके। उपर्युक्त कारणों से अथवा विश्वविद्यालय के नियंत्रण से परे अन्य किसी कारण से अंतिम तिथि तक अपने आवेदन जमा न कर पाने वाले अभ्यर्थियों के संबंध में विश्वविद्यालय की कोई ज़िम्मेदारी नहीं होगी।

12. अभ्यर्थियों को श्रेणीवार आवेदन शुल्क का भुगतान ऑनलाइन मोड से करना होगा और जिसका विवरण इस प्रकार हैः

| श्रेणी | आवेदन शुल्क |
|---|---|
| अनारक्षित / ओबीसी(एनसीएल) | रुपए 1000 / – |
| अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / महिलाएं | रुपए 600 / – |
| दिव्यांगजन | शून्य |

13. बिना निर्धारित शुल्क के आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा और आवेदन अस्वीकार कर दिया जाएगा। ऐसी अस्वीकृति के संबंध में किसी भी प्रकार के अभ्यावेदन पर विचार नहीं किया जाएगा। एक बार भुगतान किया गया शुल्क न तो वापस किया जाएगा और न ही किसी भी परिस्थिति में समायोजित किया जाएगा। आवेदन के संबंध में किसी भी प्रकार के कर अथवा बैंक चार्ज का भुगतान अभ्यर्थी द्वारा किया जाएगा।
14. आवेदन फॉर्म भुगतान (Payment) गेटवे के साथ एकीकृत है और भुगतान प्रक्रिया डेबिट कार्ड / क्रेडिट कार्ड / इंटरनेट बैंकिंग / आईएमपीएस / कैश कार्ड / मोबाइल वॉलेट का प्रयोग कर पूरी की जा सकती है।
15. विश्वविद्यालय योग्यता, अनुभव, लिखित तथा कौशल परीक्षा, जैसा भी मामला हो, के आधार पर अभ्यर्थियों को शॉर्टलिस्ट करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। विश्वविद्यालय बड़ी संख्या में आवेदन प्राप्त होने पर साक्षात्कार / लिखित परीक्षा के लिए आमंत्रित अभ्यर्थियों को शॉर्टलिस्ट करने के लिए स्क्रीनिंग टेस्ट / योग्यता / अनुभव इत्यादि जैसे मानदंड तय करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। भर्ती प्रक्रिया / अभ्यर्थी की पात्रता / प्रस्तुत किए जाने वाले दस्तावेजों / लिखित परीक्षा / कौशल परीक्षा / साक्षात्कार के संचालन और भर्ती से संबंधित किसी भी अन्य मामलों में विश्वविद्यालय का निर्णय अंतिम और अभ्यर्थी पर बाध्यकारी होगा।
16. लिखित परीक्षा / साक्षात्कार के समय, परीक्षा हॉल / इंटरव्यू हॉल में यदि कोई अभ्यर्थी अनुचित साधनों का उपयोग करते अथवा जाली अभ्यर्थी बनने अथवा दुर्व्यवहार करते हुए अथवा चयन के लिए अपनी उम्मीदवारी के संबंध में किसी अन्य अनुचित साधन का सहारा लेने अथवा प्राप्त करने का दोषी पाया जाता है तो ऐसे अभ्यर्थी पर आपराधिक मुकदमा चलाया जा सकता है और उसे स्थायी रूप से अथवा एक विशिष्ट अवधि के लिए परीक्षा से अयोग्य घोषित किया जा सकता है।
17. उपर्युक्त के संबंध में किसी भी मामले में कोई भी विवाद केवल दिल्ली के न्यायालयों के क्षेत्राधिकार के अधीन होगा।
18. सामान्य जानकारी की प्राप्ति हेतु कृपया संपर्क करेंः

**भर्ती अनुभाग**
**इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय,**
**मैदान गढ़ी, नई दिल्ली–110068**
**फोनः 011–29571713**
**ई मेलः recruitmentcell@ignou.ac.in**

**कुलसचिव(प्रशासन)**